**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 21.05.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बीकानेर से 26 हजार करोड रुपए से ज्यादा लागत की रेल, सड़क और अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे–सौ से अधिक अमृत भारत रेल्वे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे।**

- **ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रति सम्मान के लिए आज भी प्रदेशभर में तिरंगा रैलियों सहित कई गतिविधियां आयोजित।**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–उनकी सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध।**

- **राज्य में भीषण गर्मी और हीटवेव का दौर जारी–पश्चिमी जिलों और सरहदी इलाकों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बीकानेर से 26 हजार करोड रूपए से ज्यादा लागत की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे देश के 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इनमें राजस्थान के 8 रेल्वे स्टेशन भी शामिल है। देशनोक, बूंदी, मांडलगढ़, गोविंदगढ़, गोगामेड़ी, मंडावर–महुआ रोड़, फतेहपुर शेखावाटी और राजगढ़ स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में अधिक सुविधायुक्त बनाया गया है।

इस दौरान श्री मोदी प्रदेश को कई सौगाते देंगे। इनमें बीकानेर मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करना और चुरू–सादुलपुर रेल लाइन की आधारशिला रखना शामिल है। वे सूरतगढ–फलौदी, फुलेरा–डेगाना, उदयपुर–हिम्मतनगर, फलोदी–जैसलमेर और समदडी–बाडमेर रेल लाइन की विद्युतीकरण परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी चार हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली सात सड़क परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वे बीकानेर और नावां में सौर परियोजनाओं सहित बिजली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। श्री मोदी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण 25 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे राज्य में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए राजसमंद, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा और धौलपुर में नर्सिंग कॉलेजों का भी उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री पलाना गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सभा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक यू आर साहू सभा स्थल पंहुचे। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी आज शाम बीकानेर पहुंच गये हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल भारत की रेलवे अवसंरचना के लिए ऐतिहासिक दिन है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन सुविधा और सम्पर्क को प्रोत्साहन देंगे तथा देश की उत्कृष्ट संस्कृति प्रदर्शित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री द्वारा बीकानेर से सौ से अधिक अमृत स्टेशनों के प्रस्तावित उद्घाटन को अभूतपूर्व बताते हुए उनका आभार जताया। सोशल मीडिया संदेश में श्री शर्मा ने कहा कि इससे यात्रियों को विश्व स्तर की सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के जिन आठ पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, उनमें बीकानेर का देशनोक और हनुमानगढ़ का गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन भी शामिल है। ये दोनों ही स्थान आस्था के साथ–साथ धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। और ब्यौरा हमारे प्रतिनिधि से –

000

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य का जश्न मनाने के लिए आज भी प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित की गईं। सवाईमाधोपुर में तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों में देशभक्ति का संचार किया गया। यात्रा का विभिन्न संगठनों की ओर से फूल बरसा कर स्वागत किया गया। इस दौरान देशभक्ति गीतों पर भारत माता के जयकारे लगाए गए। यात्रा में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। श्रीगंगानगर में तेज गर्मी के बीच लोगों ने जोश के

साथ तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में आमजन के साथ बुजुर्ग पर्वू सैनिकों ने भी भाग लिया। झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर आज भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा मुख्य बाजारों से होती हुई शहीद स्मारक पहुंची। इस दौरान पांच सौ फुट लम्बा तिरंगा आकर्षण का केन्द्र रहा। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर श्रोताओं द्वारा भी प्रतिक्रियाएं आकाशवाणी समाचार प्रभाग में भेजी जा रही हैं। इसी क्रम में बाड़मेर के हीराराम सारण ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया है।

...............

देश को सबसे ज्यादा सैनिक देने वाले झुंझुनूं जिले के पूर्व सैनिक कर्नल शौकत अली ने ऑपरेशन सिंदूर को अभूतपूर्व बताते हुए बधाई दी और पुरानी यादों को ताजा किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार महिला, गरीब, युवा और किसान सहित समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। आज जयपुर में एक सामाजिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार देश के हर वर्ग और हर जाति तथा समाज की उन्नति के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संत जीवाराम, संत आत्माराम और बाबा साहेब अम्बेडकर को याद करते हुए उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने को कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाजिक समानता में अहम भूमिका निभाने वाले 'संत आत्माराम लक्ष्य' का पैनोरमा बनाने की घोषणा भी की।

000

प्रदेशभर में प्रचंड गर्मी और लू का दौर जारी है। सरहदी और पश्चिमी जिलों में हीटवेव के साथ बढते पारे ने लोगों की मुश्किलें बढा दीं। दिन के साथ ही पिछले कुछ दिनों से रातें भी गर्म बनी हुई हैं। हमारे श्रीगंगानगर संवाददाता ने बताया कि वहां पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है।

................

करौली में तेज गर्मी के बीच आज बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में भी गर्म हवा चलने की संभावना है। गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और झुंझुनूं जिलों में कहीं–कहीं भीषण लू और रात भी बेहद गर्मी रहने की चेतावनी दी गई है। विभाग ने तीन दिन तक बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान के 45 से 48 डिग्री तक रहने और भीषण लू चलने की संभावना जताई है। इस दौरान रातें भी बेहद गर्म रहने की आशंका है। सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज धूलभरी हवाएं चलने की भी चेतावनी जारी की गई है। उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी 4–5 दिन दोपहर बाद आंधी चलने और हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं।

000

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज आतंकवाद विरोधी दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। जोधपुर में केन्दीय संचार ब्यूरो की ओर से आज राजकीय महिला आईटीआई संस्थान में आंतकवाद विरोधी दिवस के सिलसिले में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर और हालिया घटनाक्रम को लेकर विचार व्यक्त किये। इस दौरान आतंकवाद का विरोध विषय पर चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई।

000

सवाईमाधोपुर में आज जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय की ओर से रोजगार सहायता शिविर लगाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने पात्र युवाओं का चयन किया गया। विभाग के सहायक निदेशक विवेक भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान सरकारी विभागों द्वारा संचालित कई स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन पत्र भी लिये गये।

000